# गुजरात की तर्ज पर रीवा में भी गरबा-डांडिया की धूम

## पंडालों में गूंज रहे जयकारे, मां कालिका के दर्शन के लिए भक्तों का तांता, भक्ति गीत पर झूमे श्रोता



नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 सितम्बर, शारदेय नवरात्रि में एक ओर जहा दुर्गा पंडालो में भक्तो का ताता लग रहा है. वही दूसरी तरफ गुजरात की तर्ज पर गरबा डांडिया का मंच सजा है जहा आकर्षक पोशाक में गरबा-डांडिया महिलाएं खेल रही है. अलग-अलग स्थानो पर गरबा महोत्सव की धूम मची हुई है. कलाकारो का उत्साह देखने लायक होता है. गीत और संगीत के धुन में लोग थिरकते रहते है, शाम ढ़लते ही मंच सज जाता है.**

गौरतलब है कि गुजरात का गरबा डांडिया मशहूर है पिछले कई वर्षो से रीवा में भी गरबा-डांडिया शुरू हुआ है और अब धीरे-धीरे कई मंच गरबा के सज रहे है. पद्मधर पार्क के अलावा कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में गरबा डांडिया का मंच सजाया गया है जहा शाम को महिलाएं गरबा-डांडिया खेलती है. कई डांस ग्रुप भी प्रदर्शन करते है. इसके अलावा अलग-अलग दुर्गा पंडालो में गरबा का मंच सजाया गया है.

दस दिन तक शारदेय नवरात्रि के भक्ति का पर्व रहेगा. दुर्गा पंडालो में शाम को आरती के समय श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है. पंडालो को आकर्षक लाइटिंग के साथ सजाया गया है, कई ऐसे पंडाल है जो देखने लायक है. खन्ना चौराहा में माता रानी का दरबार सजाया गया है जहा शाम को भीड़ उमड़ती है. देवी मंदिरो में भी भक्तो का ताता लग रहा है. रानी तालाब स्थित माँ कालिका के दर्शन के लिये सुबह से लेकर देर रात तक भक्तो की भीड़ रहती है. सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहा दर्शन होता है. अष्टमी और नवमी को सोलह श्रृंगार में माता रानी दर्शन देगी. गोविन्दगढ़ खंधो मंदिर में भीड़ उमड़ रही है.

### गुजरात की तर्ज पर चल रहा गरबा महोत्सव

हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार के कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम के प्रांगण में हो रहे गरबा महोत्सव 2025 में दर्शकों की भीड़ बढ़ती जा रही है. शाम 7 :00 बजे से ही गरबा डांडिया नृत्य को देखने दर्शकों की भीड़ प्रांगण में बढ़ने लगी. शुक्रवार को ओपन गरबा नृत्य के साथ 15 डांस ग्रुपों के सैकड़ो कलाकारों ने गरबा को बेमिसाल बना दिया. धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू व आजीवन संरक्षक सुनील अग्रवाल के मार्गदर्शन में हो रहे कार्यक्रम में गरबा के प्रति लगाव रखने वाले सैकड़ा से अधिक संख्या में युवक युवतियां कलाकारों के नृत्य को देखकर ओपन गरबा नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित कलाप्रेमियों को झूमने में मजबूर कर दिया. कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, डा0 धर्मेश पटेल, डॉ0 श्रीरीश मिश्रा, कैट के प्रदेश मंत्री अमरजीत सिंह उपस्थित रहकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया. गरबा नृत्य का प्रदर्शन जिस तरह कलाकारों ने किया उसे देखकर लगा कि रीवा में गुजरात के गरवा नृत्य कलाकार कर रहे हैं.



# शिविर में बालिकाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 सितम्बर, सेवा पखवाड़ा के तहत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अन्तर्गत स्वास्थ्य केन्द्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच के लिए नि:शुल्क शिविर लगाए जा रहे हैं. शिविरों में गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर तथा पोषण स्तर की जाँच की जा रही है.**

गर्भवती महिला का पंजीयन कर उसका एएनसी चेकप किया जा रहा है. इसके साथ ही किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य की जाँच में हीमोग्लोबिन व ब्लडप्रेशर की जाँच की जा रही है. हाईस्कूल व हायर सेकण्डरी स्कूलों में 11 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं के सवास्थ्य की जाँच कर एनिमिक पाई जाने वाली किशोरियों के समुचति उपचार की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है. अभियान के दौरान महिलाओं व शिशुओं का टीकाकरण भी किया जा रहा है. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में स्वास्थ्य केन्द्र, जोड़ौरी, तिवनी, रायपुर कर्चुलियान सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच की गई. सेवा पखवाड़ा अभियान अन्तर्गत सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरमौर, मझिगवां, शाहपुर, गायत्री विद्या मंदिर नेहरू नगर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय पटहट में किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य की जाँच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया गया. सिविल अस्पताल सिरमौर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल ने शिविर का निरीक्षण किया और नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर को समाज व महिलाओं के लिए उपलब्धि बताया.

## संक्षिप्त

### गरबा महोत्सव का शुभारंभ आज

**रीवा,** नवरात्रि के पावन अवसर पर अग्रवाल समाज रीवा द्वारा भजन संध्या एवं गरबा महोत्सव काँच से निर्मित माता महालक्ष्मी मंदिर स्थानीय अग्रवाल समाज भवन फ़ोर्ट रोड रीवा में आयोजित किया गया है. जिसमें कार्यक्रम का शुभारम्भ समाज के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एड .अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा की राष्ट्रीय संगठन सचिव मीना बंसल अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष शोभा अग्रवाल, नवयुवक मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल करेंगे. अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल ने बताया कि प्रथम दिवस आज 27 सितंबर दिन शनिवार को शाम 5 बजे से 7 बजे तक भजन संध्या अग्रवाल महिला मंडल रीवा की टीम द्वारा किया जाएगा.



### संभागीय श्रमिक खेल प्रतियोगिता हुई

**रीवा,** मध्य प्रदेश श्रम कल्याण मंडल द्वारा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में संभागीय श्रमिक खेल कूद प्रतियोगिता बड़े उत्साह के साथ आयोजित की गई. प्रतियोगिता में कुल 11 टीम हिंडालको सिंगरौली सिटी कार अल्ट्राटेक सीधी सेंट्रल अकैडमी रीवा एच ई एम एस कॉरपोरेशन बिरला केबल लिमिटेड रीवा रामा बोर्ड सतना प्रिज्म जॉनसन अल्ट्राटेक सीमेंट रीवा ज्ञानस्थली हाई सेकेंडरी स्कूल यूनिवर्सल केबल सतना के 485 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा विश्वकर्मा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख रमाशंकर तिवारी एवं सीटू से गिरिजेश सिंह सेंगर रहे. प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स कबड्डी वालीबाल कैरम रस्साकसी खेल विधाओं में अपना उत्साह दिखाया. श्रम कल्याण मंडल के अधिकारी डॉ दिलीप बेहेरे एवं कर्मचारी लक्ष्मीकांत पांडेय प्रीति उपाध्याय अशोक चतुर्वेदी नरेंद्र चतुर्वेदी दीपराज सिंह सी पी सिंह अरशद नकवी माया शर्मा शिव शंकर हरिशंकर ने कार्यक्रम को सफल बनाने मेंअहम भूमिका निभाई.

### ईव्हीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण 29 को

**रीवा,** ईव्हीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण 29 सितम्बर को सुबह 9 .30 बजे किया जाएगा. उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस निरीक्षण के लिए वेयरहाउस के खोले जाने के समय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष अथवा उनके प्रतिनिधियों से उपस्थिति की अपेक्षा की है.

### वार्षिक आमसभा की बैठक 29 को

**रीवा,** कलेक्टर एवं प्रशासक श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की वार्षिक आमसभा की बैठक 29 सितंबर को प्रात: 10 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गई है. महाप्रबंधक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने संबंधितों से बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की है.



### कांग्रेस ने फूंका पुतला

**रीवा,** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय द्वारा लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी व उनकी बहन श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा के ऊपर की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर आज सिरमौर चौराहे में कांग्रेस द्वारा कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंका गया और जमकर कांग्रेसियों ने नारेबाजी की. कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि कैलाश विजयवर्गीय भाजपा के महत्वपूर्ण चेहरा है उनके द्वारा कही गई बात भाजपा द्वारा कही गई बात मानी जाएगी क्योंकि वह जिम्मेदार पद में बैठे है. कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि ऐसी दूषित मानसिकता वाले व्यक्ति को भाजपा से निष्कासित कर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करे. पुतला दहन कार्यक्रम अशोक पटेल झब्बू, विमलेन्द्र तिवारी, डॉ अरूणा तिवारी, एड रवि तिवारी, सज्जन पटेल, लखनलाल खण्डेलवाल, अब्दुल शहीद मिस्त्री, लल्लन खान, चक्रधर सिंह, रमेश पटेल मौजूद रहे.

# धान उपार्जन के लिए 59 खरीदी केन्द्रों में पंजीयन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 सितम्बर, किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए शासन द्वारा किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जाएगा.**

उपार्जन के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन होना आवश्यक है. ऑनलाइन पंजीयन 10 अक्टूबर तक किया जा रहा है. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि किसान ग्राम पंचायत कार्यालय के सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय, सहकारी समितियों एवं खरीदी केन्द्रों में नि:शुल्क पंजीयन करा सकते हैं. जिले में 59 धान खरीदी केन्द्रों में किसानों का पंजीयन किया जा रहा है. अब तक 11309 किसानों ने पंजीयन कराया है. एमपी किसान एप अपने एन्ड्रायड मोबाइल पर डाउनलोड करके किसान स्वयं पंजीयन कर सकते हैं. इसके अलावा किसान एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे में 50 रुपए का शुल्क तथा आवश्यक दस्तावेज देकर 10 अक्टूबर तक उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं. कलेक्टर ने बताया कि धान के उपार्जन का पंजीयन कराने के लिए किसानों को अपने आधार कार्ड, बोये गए अनाज के रकबे की जानकारी के लिए ऋण पुस्तिका की प्रति, आधार सीडेड बैंक खाते लेकर पहुंचे.



# पुलिस प्रशिक्षण शाला ने आयोजित की ग्राम चौपाल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 सितम्बर, मिशन कर्मयोगी के तहत पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व में पीटीएस रीवा के द्वारा गोद लिए गए आठ गांवों में से ग्राम 1 भोलगढ़ व ग्राम 2 गोडहर में आज ग्राम भ्रमण कर ग्राम चौपाल आयोजित की गई.**

ग्राम भोलगढ में टोली नंबर नौ के प्रशिक्षु एवं मैंटर निरीक्षक सुशील शुक्ला व ड्रिल इंस्ट्रक्टर बलवंत कुशवाहा तथा ग्राम गोडहर में टोली नंबर दस के प्रशिक्षु एवं मैंटर उप निरीक्षक आराधना सिंह, ड्रिल इंस्ट्रक्टर राहुल सिंह के द्वारा ग्राम भ्रमण किया गया. ग्राम चौपाल के दौरान सरपंच, उप सरपंच, सचिव के हाथों से पीटीएस ट्री बैंक से ले जाए गए नि:शुल्क पौधों का आंगनबाड़ी केंद्र एवं मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण करवाया गया एवं ग्रामीणों के साथ बैठकर चर्चा की गई. उनसे विभिन्न प्रकार की जानकारियां एकत्रित की गई, उनकी समस्याओं को सुना तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए उचित विभागों को सूचित कर उनका निराकरण करवाने के आश्वासन दिए गए. इसके साथ ही चौपाल में एकत्रित बच्चों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों को -नवीन आपातकालीन नंबर 112,नवीन आपराधिक कानून ,यातायात नियमों सहित अन्य विषयों पर जानकारी दी गई.

# अवैध वसूली और नियमों का उल्लंघन करने पर ठेकेदार पर जुर्माना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 सितम्बर, अवैध वसूली और नियमों का उल्लंघन करने पर ठेकेदार पर जुर्माना लगाया गया.**

समान फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे स्थित वाहन पार्किंग एवं सिरमौर चौराहा ओवर ब्रिज के नीचे वाहन पर्किंग के संविदाकार मेमर्स एस.डी. ग्रुप्स एण्ड एजेन्सी प्रो0 शुभम कुमार द्विवेदी तनय सुरेश द्विवेदी पर अनुबंध उल्लंघन, अवैध वसूली और निर्धारित नियमों का पालन न करने पर कड़ी कार्यवाही की गई. निगम द्वारा संयुक्त निरीक्षण में अनिमितताए पाये जाने पर दोनो पार्किंग स्थलों पर 31-31 हजार का जुर्माना किया गया. उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम क्षेत्रान्तर्गत समान फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे स्थित वाहन पार्किंग एवं सिरमौर चौराहा ओवर ब्रिज के नीचे की वाहन पार्किंग का मेमर्स एस.डी. ग्रुप्स एण्ड एजेन्सी प्रो0 शुभम कुमार द्विवेदी तनय सुरेश द्विवेदी 23/09 बड़ी दरगाह के पास अमहिया रीवा को 19.03.2025 से 18.03.2026 तक 12 माह का ठेका दिया गया था. किन्तु ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली किये जाने, अनुबंध का पालन नही करने, निर्धारित समय पर किश्त की राशि जमा नही करने के कारण नगर निगम द्वारा नोटिस दी गई इसके बावजूद नोटिस का जबाव प्रस्तुत नही किया गया है. ठेकेदार द्वारा नियमों के अनुसार निर्धारित दर से अधिक राशि की वसूली पार्किंग स्थल पर की जा रही है तथा नियमानुसार रसीद तस्दीक नही कराई जा रही है. नियमो का उल्लंघन और अवैध वसूली को लेकर जुर्माना लगाया गया है.

### जांच शिविर आज

**रीवा, 26 सितम्बर,** सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है. पखवाड़े में विभिन्न विभागों द्वारा गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 27 सितम्बर को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से महाविद्यालयों में सिकल सेल एनीमिया की जाँच के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे. इसी क्रम में महिला बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के घर जाकर उन्हें स्वच्छता एवं पोषण के संबंध में जागरूक करेंगे.

# परिवहन विभाग ने 10 स्कूल बसों पर की चालानी कार्यवाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 सितम्बर, जिले में छात्रों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने स्कूल बसों और अन्य वाहनों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है.**



रीवा परिवहन विभाग की टीम ने शुक्रवार को शहर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें कुल 35 स्कूल वाहनों की जांच की गई. इस दौरान 10 स्कूल बसों पर गंभीर उल्लंघनों के चलते चालानी कार्रवाई की गई. परिवहन विभाग ने बताया कि चेकिंग के दौरान स्कूल बसों में फिटनेस से संबधित कमी, ओवरलोडिंग, बिना वैध परमिट के संचालन और सुरक्षा उपकरणों जैसे फर्स्ट एड किट व फायर एक्सटिंग्विशर की विशेष जाँच की गई. मोटरयान नियम के उल्लंघनों के कारण 10 बसों के उपर जुर्माना लगाया गया है. दो बसों को तत्काल जब्त भी कर लिया गया, जबकि शेष पर नोटिस जारी कर सुधार के निर्देश दिए गए. परिवहन विभाग ने कहा की स्कूल सत्र के बीच छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि है. हम नियमित रूप से ऐसी चेकिंग अभियान चलाएंगे और किसी भी प्रकार के लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. परिवहन विभाग ने स्कूल बस संचालकों को निर्देश जारी किए हैं कि वे तत्काल अपनी बसों का निरीक्षण करवाएं और सभी सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें. उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. यह कार्यवाही रीवा आरटीओ के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड द्वारा की गई है.

# फार्माकोविजिलेंस वीक में रैली के साथ नुक्कड़ नाटक की धूम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 सितम्बर, वनस्थली कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फार्माकोविजिलेंस वीक उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया.**

इस वर्ष फार्मासिस्ट डे की थीम रही थिंक हेल्थ थिंक फार्मासिस्ट सप्ताहभर चलने वाले इस आयोजन की शुरुआत छात्रों को फार्मासिस्ट की शपथ दिलाकर हुई. आयोजन के अंतर्गत विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर दवा के सुरक्षित उपयोग और स्वास्थ्य सुरक्षा का संदेश दिया. छात्रों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर दवाओं के दुरुपयोग से होने वाले नुकसान पर जनजागरूकता फैलाई. इसी क्रम में रेडक्रॉस की ओर से ब्लड डोनेशन अवेयरनेस प्रोग्राम भी आयोजित किया गया. वहीं फार्मासिस्ट डे के अवसर पर विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रेजेंटेशन के जरिए अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया. वनस्थली कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने सोनौरा ग्राम पंचायत में नि: शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया जिसमें 150 से ज्यादा लोगों को फायदा हुआ. संस्था के चेयरमैन डॉ एस एस तिवारी जी ने छात्रों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में व्यावसायिक जिम्मेदारी का भाव तो जगाते ही हैं, साथ ही समाज को भी स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण संदेश देते हैं.



इन आयोजनों को सफल बनाने में प्राचार्या अनीता पटेल, प्रो0 पंकज पांडेय, प्रो0 पंकज पटेल, प्रो0 जयप्रकाश पटेल का विशेष योगदान रहा.

# जिले में 926 किसानों को बांटी गयी 109 मीट्रिक टन यूरिया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 सितम्बर, जिले के डबल लॉक केन्द्रों तथा सहकारी समितियों से किसानों को यूरिया खाद दी जा रही है. वितरण केन्द्रों में किसानों को ऋण पुस्तिका के आधार पर टोकन दिया जाता है. टोकन में दर्ज दिनांक को किसान निर्धारित मात्रा में खाद संबंधित केन्द्रों से प्राप्त कर रहे हैं.**

जिले में 26 सितम्बर को डबल लॉक केन्द्रों के माध्यम से 926 किसानों को 109 मीट्रिक टन यूरिया खाद का वितरण किया गया. डबल लॉक केन्द्र चाकघाट में 70 किसानों को 12 मीट्रिक टन, चोरहटा में 586 किसानों को 76 मीट्रिक टन तथा उमरी में 270 किसानों को 21 मीट्रिक टन यूरिया खाद का वितरण किया गया. अभी जिले में चाकघाट में 66.3 मीट्रिक टन, जवा में 67.5 मीट्रिक टन, चोरहटा में 100 मीट्रिक टन तथा उमरी में 116.75 मीट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध है. जिले में डबल लॉक केन्द्रों में 350.55 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है.

# एक हजार तीस गौवंशों को नगर निगम ने पहुंचाया गौशाला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 सितम्बर, शहर में घूम रहे निराश्रित गौवंश को पकड़ कर गौशाला भेजने की कार्यवाही नगर निगम ने शुरू कर दी है. 130 गौवंश को गौशाला भेजा गया है.**



शहर के अंदर गौवंश बाजार से लेकर मुख्य सड़को में धमाचौकड़ी मचा रहे है, कई लोगो को चोटिल भी कर चुके है. एक वृद्ध की मौत भी हो चुकी है. अब गौवंशो को पकड़ने का काम शुरू हुआ है. नगर निगम की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों एवं मुख्य चैराहों से निराश्रित एवं घायल गौवंश को पकड़कर गौशाला भेजने की कार्रवाई की. नगर निगम की टीमों ने यूनिवर्सिटी रोड, रतहरा रोड, सिरमौर चैराहा और शिल्पी प्लाजा सहित मुख्य क्षेत्रों में आभियान चलाते हुए विगत 3 दिवस में बड़ी कार्यवाही की. इस दौरान कुल 130 गौवंशों को पकड़कर गौशाला भेजा गया. जिनमें कुछ घायल गौवंशों को उपचार के लिए भी लक्ष्मणबाग भेजा गया, वही अन्य को पकड़कर बसामन गौशाला भेजा गया. निगम आयुक्त ने बताया कि निराश्रित पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाओं और नागरिकों की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए टीम को लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं. अब देखना है कि कार्यवाही कब तक चलती है.

### मऊगंज में 260 किसानों को बांटी गई 29 मीट्रिक टन खाद

**मऊगंज, 26 सितम्बर,** मऊगंज जिले में 26 सितंबर को 260 किसानों को 29 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया. डबल लाक केन्द्र मऊगंज में 83 किसानों को 10 मीट्रिक टन तथा हनुमना में 177 किसानों को 19 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊगंज में 239 मीट्रिक टन व हनुमना में 198 मीट्रिक टन खाद शेष है.